बिहार के शशिभूषण ने 37वें नेशनल गेम्स में जीता रजत पदक

चर्चा में क्यों?

30 अक्तूबर, 2023 को गोवा में चल रहे 37वें नेशनल गेम्स में बिहार के आरा ज़िले के शशिभूषण ने 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता है।

प्रमुख बिंदु

- बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंद्रण शंकरण ने बताया कि शशिभूषण ने 3 मिनट 41.49 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता है।
- 20 वर्षों बाद नेशनल गेम्स के एथेलेटिक्स में बिहार को पदक मिला है। नेशनल गेम्स 2023 में बिहार के लिये यह दूसरा रजत पदक है। इसके पहले महिला रग्बी में बिहार एक रजत पदक अपने नाम कर चुका है।
- गौरतलब है कि 25 अक्तूबर से 9 नवंबर तक गोवा में 37वें नेशनल गेम्स का आयोजन हो रहा है। इसमें 22 विभिन्न खेल विधाओं में बिहार के 208 महिला और पुरुष खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के साथ बिहार ओलंपिक एसोसिएशन के 15 अधिकारियों सहित कुल 223 लोगों ने हिस्सा लिया है।
- बिहार राज्य के खिलाड़ियों ने एथेलेटिक्स, तीरंदाजी, मुक्केबाज़ी, तलवारबाज़ी, रग्बी, साइकलिंग, जूडो, ताइक्वांडो, योगा, तैराकी, पेंचक सिलाट, सेपक टाकरा, भारोत्तोलन, वुशु, ट्राइथलॉन, मार्शल आर्ट, स्क्वैश, कुश्ती आदि प्रमुख खेलों में हिस्सा लिया है।
- नेशनल गेम्स के लिये बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा यहाँ के खिलाड़ियों को विशेषरूप से प्रशिक्षण दिया गया है। इसके लिये अलग-अलग खेलों के विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाए गए थे, जैसे- रग्बी और सेपक टाकरा के लिये आईआईटी बिहटा में, वुशु का मुज़फ्फरपुर में, तीरंदाज़ी का पाटलिपुत्र खेल परिसर में विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाया गया था।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/shashi-bhushan-of-bihar-won-silver-medal-in-37th-national-games